# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक- 21.06.2025

**विषय:- थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा फर्नीचर के वर्कशाप से समान चोरी करने के मामले में वांछित कुल 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया, कब्जे से चोरी का समान बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0169/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्तगण **1.**राहुल कुमार पुत्र महँगू लाल निवासी ग्राम मड़ाव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी व **2.** गोविन्द पटेल पुत्र शनी पटेल निवासी ग्राम मड़ाव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक 21.06.2025 को समय करीब 10.20 बजे मोती फैक्ट्री की खण्डहर ग्राम नरईचा के पास लोहता वाराणसी से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से चोरी की कुल 02 अदद गैलेन्डर, 01 अदद बेल्डिंग मशीन, 02 अदद पैकेट बेल्डिंग राड, 01 अदद बेल्डिंग, 18 ताला, 01 अदद कटर मशीन, 01 अदद पेन्टिंग गन, 03 अदद चार्जर, 01 अदद मीग होल्डर, 01 अदद इलेक्ट्रिक ड्रील मशीन बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 20.06.2025 को वादी मुकदमा ने अपनी फर्निचर के वर्कशाप से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा समान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0 0169/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 धीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**विवरण पूछताछ-**

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनो लोग ने केराकतपुर स्थित महावीर फर्निचर के वर्कशाप से चोरी किया था। जिसे हम दोनो लोग आज बाँट कर कहीं बेचने की फिराक में थे कि पुलिस द्वारा हमलोगों को पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. राहुल कुमार पुत्र महँगू लाल निवासी ग्राम मड़ाव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 29 वर्ष।
2. गोविन्द पटेल पुत्र शनी पटेल निवासी ग्राम मड़ाव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

**<u>गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-</u>**

मोती फैक्ट्री की खण्डहर ग्राम नरईचा के पास लोहता वाराणसी, दिनांक 21.06.2025 को समय करीब 10.20 बजे।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1- मु0अ0सं0-0169/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. थानाध्यक्ष निकिता सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 रविचन्द यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अजीत कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी
5. का0 मोतीचन्द यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**